सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 17 जुलाई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन देहरादून में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु उत्तराखण्ड भ्रमण से लौटे नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के एमटीबी साइकिलिंग अभियान (MTB Cycling expedition) का समापन किया। उत्तरकाशी के वाइब्रेंट विलेज जधोंग से 26 जून को शुरू हुए इस अभियान में कुल 06 सदस्य शामिल रहे। यह अभियान प्रदेश के 11 जिलों से गुजरते हुये देहरादून में सम्पन्न हुआ। दल द्वारा इस अभियान में कुल 1062 किलोमीटर की साइकिलिंग की गई।

अभियान के समापन के अवसर पर राज्यपाल ने दल के सभी सदस्यों को इस साहसिक अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ उन्हें साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का वाइब्रेंट विलेज से प्रारंभ किया जाना सराहनीय है। राज्यपाल ने युवा वर्गों में साहसिक क्रियाकलापों के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए इस अभियान हेतु नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

प्रधानाचार्य निम कर्नल अंशुमान भदौरिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई वाइब्रेंट विलेज स्कीम के अंतर्गत सीमांत गांव के व्यापक विकास और चिन्हित सीमावर्ती गावों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्थानीय स्तर पर रोजगार, पर्यटन को बढ़ाने, स्वस्थ भारत अभियान के तहत युवा वर्गों में साहसिक क्रियाकलापों के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नेहरू पर्वतारोहरण संस्थान द्वारा उक्त अभियान का आयोजन किया गया था।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान गढ़वाल व कुमाऊँ दोनों मण्डलों में स्थित गढवाल विश्वविद्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के छात्रों, एवं फैकल्टी मेंबर्स के साथ साहसिक क्रियाकलापों के साथ रोजगार का सृजन ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' की धारणा के साथ संवाद व परिचर्चा भी की गई। इसके साथ–साथ युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने इस अभियान में दल की चुनौतियों और अनुभवों को साझा किया।

इस अवसर पर पीआरओ डिफेंस देहरादून ले. कर्नल मनीष श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य निम मेजर देवल बाजपेयी सहित इस दल के सदस्य मौजूद रहे।

............0............